with the deployment of Army and B, S. F. on the border the smuggling is automatically kept under check,

Only one person has been arrested for smuggling after the recent Indo-Pakistan war.

मध्य प्रदेश में दी गई इण्डेन गैस एजेन्सियां

4259. **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के उन स्थानों के नाम क्या क्या हैं जहाँ इण्डेन गैस की एजेन्सियां दी गई हैं ;

(ख) उन स्थानों के नाम क्या क्या हैं जहां उक्त एजेन्सियां देने का विचार है ; और

(ग) बेरोजगार इन्जीनियरों तथा उनकी सहकारी संस्थाओं/भूतपूर्व सैनिकों तथा उनकी सहकारी संस्थाओं को कितनी एजेन्सियां दी गई।

विधि और न्याय तथा पेट्रोलियम और रसायनिक मंत्री (श्री एच० आर० गोखले): (क) मध्य प्रदेश में 5 शहरों में इड़ेन गैस की एजेन्सियाँ की स्थापना की गई है। जो इस प्रकार है, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, इन्दौर एवं भोपाल।

(ख) सिलैण्डर आदि के उपलब्ध होने पर भारतीय तेल निगम के अस्थाई रूप से विचार किया है कि वर्ष 1972-73 में यह मध्य प्रदेश में सात शहरों, रतलाम, हुसंगाबाद, सागर, सतना, दामोड़, माहो एवं रेवा में इड़ैन गैस को प्रारम्भ करेगी।

(ग) बेरोजगार इंजीनियरों, स्नातकों सेवा निवृत-सैनिकों तथा मध्य प्रदेश में बेरोजगार इन्जीनियरों / स्नातकों एवं सेवा निवृत सैनिक को-आपरेटिव सोसायटी को दी गई इंडैन गैस का ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

बेरोजगार इन्जीनियर/स्नातक ... 2

बेरोजगार इन्जीनियर/स्नातकों को आपरेटिव सोसायटी। ... शून्य

मध्य प्रदेश में तस्करों की गिरफ्तारी

4260. **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में गत एक वर्ष में गिरफ्तार किये गये तस्करों की, जिलावार, संख्या कितनी है ; और

(ख) उनसे कितने मूल्य का तस्करी का सामान बरामद किया गया ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) (क) 1971 में मध्य प्रदेश में जिलावर पकड़े गये तस्कर व्यापारियों की संख्या निम्नानुसार है :-

1. इन्दौर	4
2. जबलपुर	3
3. रायपुर	2
4. रायगढ़	2
5. विदिशा	1
6. रतलाम	2
कुल	13

(ख) उनसे लगभग 2 लाख रुपये के मूल्य का कुल माल बरामद किया गया था।

मध्य प्रदेश मे राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा इन्जीनियरिंग और मैडीकल स्नातकों को दिये गये ऋण

4261. **श्री गंगाचरण दीक्षित** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बैंक राष्ट्रीयकरण के बाद मध्य प्रदेश में कितने इंजीनियरिंग और मैडीकल स्नातकों ने राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र दिये ; और